**आज दिनांक 30.01.2017 को नगर परिषद्, सिवान, नगर कार्यपालक पदाधिकारी के कक्ष में श्री नरेन्द्र कुमार सिंह, अपर सचिव, नगर निकास एवं आवास विभाग, बिहार पटना की अध्यक्षता में सिवान एवं गोपालगंज जिले के नगर निकायों से संबंधित विभिन्न विषयों पर आयोजित समीक्षात्मक बैठक की उपस्थिति एवं कार्यवाही –**

1. अपर सचिव, नगर विकास एवं आवास विभाग, बिहार, पटना।
2. नगर कार्यपालक पदाधिकारी, नगर परिषद्, सिवान एवं गोपालगंज
3. नगर कार्यपालक पदाधिकारी, नगर पंचायत महाराजगंज
4. नगर कार्यपालक पदाधिकारी, नगर पंचायत मैरवा
5. नगर कार्यपालक पदाधिकारी, नगर पंचायत बरौली
6. नगर कार्यपालक पदाधिकारी, नगर पंचायत मीरगंज
7. नगर कार्यपालक पदाधिकारी, नगर पंचायत कटेया
8. कार्यपालक अभियंता, जिला शहरी विकास अभिकरण, सिवान
9. नगर प्रबधंक, नगर पंचायत मैरवा एवं नगर परिषद्, सिवान

## हर घर पक्की नली – गली योजना

**इस योजना के अंतर्गत सातों नगर निकायों की स्थिति निम्न प्रकार है :–**

**नगर परिषद, सिवान :–** नगर परिषद्, सिवान के कुल 38 वार्डो में से 38 योजनाओं का निविदा निकाला गया, जिसमें 11 योजनओं का एकरारनामा किया जा रहा है। शेष 27 पुर्निविदा हेतु भेजा जा रहा है। किसी भी निविदा का निस्तार नहीं होने के कारण कार्य प्रारंभ नहीं हुआ है। निर्देश दिया गया कि सभी योजनाओं का शीघ्र निष्पादन कर कार्य में प्रगति लायी जाय।

**नगर परिषद्, गोपालगंज :–** नगर परिषद्, गोपालगंज में कुल 28 वार्डो में से 09 योजनाओं का निविदा किया गया। जोकि गोपालगंज सब जज के न्यायालय में वाद होने के कारण लम्बित है। शेष 19 वार्ड में पैसा उपलब्ध होने के बावजूद काम नहीं हुआ है। निर्देश दिया गया कि सभी योजनाओं का शीघ्र निष्पादन कर कार्य में प्रगति लायी जाय।

**नगर पंचायत, महाराजगंज :–** नगर पंचायत महाराजगंज में कुल 14 वार्डो में 14 योजनाओं का निविदा कर लिया गया है तथा एकरारनामा किया जा रहा है। निर्देश दिया गया कि एकरारनामा कर सभी योजनाओं का निष्पादन कर कार्य में प्रगति लायी जाय।

**नगर पंचायत, मैरवा :-** नगर पंचायत मैरवा में कुल 13 वार्डो में 13 योजनाओं का निविदा कर लिया गया है। दिनांक– 30.01.2017 को निविदा खोली जानी है। किसी योजना का अंतिम रूप से निष्पादन नहीं हो सका है। निर्देश दिया गया कि शीघ्र निष्पादन कर कार्य में प्रगति लायी जाय।

**नगर पंचायत, मीरगंज :-** नगर पंचायत मीरगंज में कुल 16 वार्डो में 17 योजनाओं का निविदा कर लिया गया है। कार्य अभी प्रारंभ नहीं हुआ है। निर्देश दिया गया कि शीघ्र निविदा का निष्पादन कर कार्य में प्रगति लायी जाय।

**नगर पंचायत, बरौली :-** नगर पंचायत बरौली में कुल 21 वार्डो में 21 योजनाओं का प्राक्कलन तैयार कर लिया गया है। कार्यपालक पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि तकनीकि स्वीकृति हेतु कार्यपालक अभियंता, जिला शहरी विकास अभिकरण, गोपालगंज के यहाँ लम्बित है। इस लिए कार्य प्रारंभ नहीं है। मोबाईल पर कार्यपालक अभियंता, जिला शहरी विकास अभिकरण, गोपालगंज द्वारा स्पष्ट किया गया कि आज ही तकनीकि स्वीकृति प्रदान कर दिया गया है। निर्देश दिया गया कि शीघ्र निविदा का निष्पादन कर कार्य में प्रगति लायी जाय।

**नगर पंचायत, कटेया :-** नगर पंचायत कटेया में कुल 13 वार्डो में 13 योजनाओं का निविदा कर लिया गया है। कार्यपालक पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि 08 योजनाओं में कार्य पूर्ण हो चुका है। निर्देश दिया गया कि शेष योजनाओं में पाईप लाईन नल जल योजना के बाद ही पी0सी0सी0 कराया जाय।

**उपस्थित सभी निकाय के पदाधिकारियों को निर्देश दिया गया कि प्रत्येक गली में नल–जल का Networking कार्य होने के पश्चात् ही नली–गली का पक्कीकरण कार्य किया जाए। तथा कार्य में तीव्रता लाई जाए।**

## मुख्यमंत्री शहरी पेयजल निश्चय योजना

**इस योजना के अंतर्गत सातों नगर निकायों की स्थिति निम्न प्रकार है :-**

**नगर परिषद, सिवान :-** नगर परिषद्, सिवान शहर अमृत मिशन योजना 2016–17 में है। इसके कुल वार्डो की संख्या – 38 है। हर घर नल–जल योजना के क्रियान्वयन हेतु बी0आर0जे0पी0 द्वारा किया जा रहा है। इस योजना के नगर परिषद्, द्वारा नहीं कराया जाना है।

विभागीय पत्रांक 330 दिनांक 20.01.2017 से निर्गत निर्देश के पूर्व ही नगर परिषद् द्वारा PHED से क्रियान्वित योजनाओं का प्रभार लिया जा चुका है। निर्देश दिया गया कि वर्णित पत्र के आलोक में आवश्यकतानुसार पुनः सूचनाएँ एकत्रित कर ली जाए।

**<u>नगर परिषद् गोपालगंज :-</u>** नगर परिषद्, गोपालगंज कुल वार्डो की संख्या - 28 है। वार्ड सं0 01 से 10 तक बी0आर0जे0पी0 द्वारा कार्य किया जाना है। कुल 02 OHD बनाया जाना है। 01 के निर्माण का कार्य प्रगति पर शेष 18 वार्ड का कार्य नगर परिषद् को स्वयं किया जाना है। निर्देश दिया गया कि विभाग से उपलब्ध कराये गये संशोधित NIT Format के तहत योजना का निष्पादन किया जाय।

**<u>नगर पंचायत, महाराजगंज :-</u>** नगर पंचायत, महराजगंज में कुल वार्डो की संख्या - 14 है। कार्यपालक पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि यह AMRUT/ राज्य योजना के तहत् नहीं है। इस प्रकार नगर पंचायत द्वारा इस कार्य को किया जायगा। PHED का एक टावर हस्तांतरित किया गया है। कार्यपालक पदाधिकारी द्वारा बाताया गया कि 05.02.2017 तक सभी वार्डो के निविदा प्रक्रिया पूर्ण कर ली जाएगी।

**<u>नगर पंचायत, मैरवा :-</u>** नगर पंचायत, मैरवा में कुल वार्डो की संख्या - 13 है। कार्यपालक पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि यह AMRUT/ राज्य योजना के तहत् नहीं है। इस प्रकार नगर पंचायत द्वारा इस कार्य को किया जायगा। निविदा प्रकाशन करने हेतु सूचना एवं जन सम्पर्क विभाग, बिहार पटना को भेजा गया है। कार्यपालक पदाधिकारी द्वारा बाताया गया कि 27.02.2017 तक सभी वार्डो के निविदा प्रक्रिया पूर्ण कर ली जाएगी।

**<u>नगर पंचायत, मीरगंज :-</u>** नगर पंचायत, मीरगंज में कुल वार्डो की संख्या - 16 है। कार्यपालक पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि यह AMRUT/ राज्य योजना के तहत् नहीं है। इस प्रकार नगर पंचायत द्वारा इस कार्य को किया जायगा। कार्यपालक पदाधिकारी द्वारा बताया गया किया कि वार्डो की निविदा प्रक्रिया 1502.2017 तक पूर्ण कर ली जाएगी।

**<u>नगर पंचायत, बरौली :-</u>** नगर पंचायत, बरौली में कुल वार्डो की संख्या - 21 है। कार्यपालक पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि यह AMRUT/ राज्य योजना के तहत् नहीं है। इस प्रकार नगर पंचायत द्वारा इस कार्य को किया जायगा। कार्यपालक पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि 07.02.2017 तक सभी 21 वार्डो का निविदा कर लिया जाएगा।

**नगर पंचायत, कटेया :-** नगर पंचायत, परसा बाजार में कुल वार्डो की संख्या - 13 है। कार्यपालक पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि यह AMRUT/ राज्य योजना के तहत् नहीं है। इस प्रकार नगर पंचायत द्वारा इस कार्य को किया जायगा। कार्यपालक पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि 07.02.2017 तक सभी 21 वार्डो का निविदा कर लिया जाएगा।

**निर्देश दिया गया कि जिन निकाय क्षेत्र में PHED पूर्व से कार्य कर रही है वो निकाय विभागीय पत्रांक 330 दिनांक 20.01.2017 से निर्गत निर्देश के आलोक में प्रभार ग्रहण करने की कार्रवाई करें। जिनके द्वारा पूर्व में ही PHED से क्रियान्वित योजनाओं का प्रभार लिया जा चुका है उन्हें निर्देश दिया गया कि वर्णित पत्र के आलोक में आवश्यकतानुसार पुनः सूचनाएँ एकत्रित कर ली जाए।**

## शौचालय निर्माण घर का सम्मान

**इस योजना के अंतर्गत सातों नगर निकायों की स्थिति निम्न प्रकार है :-**

Target-3656 ODF-3 ward 28/2. Rest-31/3/17

**नगर परिषद, सिवान :-** वर्ष 2016 - 17 के निर्धारित लक्ष्य 3656 के विरूद्ध 1696 पूर्ण है। ओ0डी0एफ0 वार्ड घोषित नहीं है। 28 फरवरी 2017 तक 03 वार्ड को ओ0डी0एफ0 घोषित कर दिया जायेगा।

Target-3456 ODF-3 ward 28/2 Rest 30/4/17

**नगर परिषद, गोपालगंज :-** वर्ष 2016-17 के निर्धारित लक्ष्य 1307 के विरूद्ध प्रथम किस्त 558 लाभुकों को दिया गया है, जिसमें 160 पूर्ण है। ओ0डी0एफ0 वार्ड घोषित नहीं है। 28 फरवरी 2017 तक 03 वार्ड को ओ0डी0एफ0 घोषित कर दिया जायेगा।

Target-1800 ODF-All. 31/3/17

**नगर पंचायत महाराजगंज :-** वर्ष 2016-17 के निर्धारित लक्ष्य 1178 के विरूद्ध प्रथम किस्त 1016 लाभुकों को दिया गया है, जिसमें 812 पूर्ण है। ओ0डी0एफ0 वार्ड घोषित नहीं है। 31 मार्च 2017 तक सभी वार्डो को ओ0डी0एफ0 घोषित कर दिया जायेगा। कार्यपालक पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि स्वच्छ भारत मिशन खाता में राशि प्राप्त नहीं हुआ है।

Target-1838 2 ward-28/2 शेष-30/4

**नगर पंचायत मैरवा :-** वर्ष 2016-17 के निर्धारित लक्ष्य 695 के विरूद्ध प्रथम किस्त 282 लाभुकों को दिया गया है, जिसमें 110 पूर्ण है। ओ0डी0एफ0 वार्ड घोषित नहीं है। 28 फरवरी 2017 तक 02 वार्ड को ओ0डी0एफ0 घोषित कर दिया जायेगा। शेष वार्ड 15 अगस्त 2017 तक करने का प्रयास किया जायेगा।

**नगर पंचायत, मीरगंज :-** वर्ष 2016-17 के निर्धारित लक्ष्य 1123 के विरूद्ध प्रथम किस्त 397 लाभुकों को दिया गया है, जिसमें 85 पूर्ण है। ओ0डी0एफ0 वार्ड घोषित नहीं है। 28 फरवरी 2017 तक 02 वार्ड को ओ0डी0एफ0 घोषित कर दिया जायेगा। शेष वार्ड 15 अगस्त 2017 तक करने का प्रयास किया जायेगा।

**नगर पंचायत, बरौली :-** वर्ष 2016-17 के निर्धारित लक्ष्य 1590 के विरूद्ध प्रथम किस्त 822 लाभुकों को दिया गया है, जिसमें 295 पूर्ण है। ओ0डी0एफ0 वार्ड घोषित नहीं है। 04 वार्ड 31 मार्च तक ओ0डी0एफ0 घोषित कर दिया जाएगा। शेष वार्ड 15 अगस्त 2017 तक करने का प्रयास किया जायेगा।

**नगर पंचायत कटेया :-** वर्ष 2016-17 के निर्धारित लक्ष्य 1367 के विरूद्ध प्रथम किस्त 955 लाभुकों को दिया गया है, जिसमें 415 पूर्ण है। ओ0डी0एफ0 वार्ड घोषित नहीं है। 03 वार्ड 31 मार्च 2017 तक ओ0डी0एफ0 घोषित कर दिया जाएगा। शेष वार्डो को 15 अगस्त 2017 तक ओ0डी0एफ0 घोषित कर दिया जाएगा। कार्यपालक पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि स्वच्छ भारत मिशन खाता में राशि प्राप्त नहीं हुआ है।

**निर्देश दिया गया कि ओ0डी0एफ घोषित करने के लिए संसूचित लक्ष्य से अधिक यदि आवश्यक हो तो लिया जा सकता है। तथा सूचना डिमांड के साथ विभाग में भेजने पर स्वीकृति एवं आवंटन प्राप्त कराया जाएगा।**

# ठोस अवशिष्ट प्रबंधन

**इस योजना के अंतर्गत सातों नगर निकायों की स्थिति निम्न प्रकार है :-**

**नगर परिषद, सिवान :-** डोर-टू-डोर कचड़ा संग्रहण हेतु 38 वार्ड में एन0जी0ओ0 द्वारा कार्य किया जा रहा है। इस निकाय में ट्रेक्टर, ऑटो टीपर, जे0सी0बी0, बॉबकैट इत्यादि सफाई उपकरणों से कार्य कराया जाता है।

**नगर परिषद, गोपालगंज :-** डोर-टू-डोर कचड़ा संग्रहण हेतु 28 वार्ड में एन0जी0ओ0 द्वारा कार्य किया जा रहा है। इस निकाय में ट्रेक्टर, जे0सी0बी0, ऑटोटीपर इत्यादि सफ़ाई उपकरणों से कार्य कराया जाता है।

**नगर पंचायत, महाराजगंज :-** डोर-टू-डोर कचड़ा संग्रहण हेतु 14 वार्ड में एन0जी0ओ0 द्वारा कार्य किया जा रहा है। इस निकाय में

ट्रेक्टर, ऑटो टिपर इत्यादि सफाई उपकरणों से कार्य कराया जाता है।

**नगर पंचायत, मैरवा :–** डोर–टू–डोर कचड़ा संग्रहण हेतु 13 वार्ड में एन0जी0ओ0 द्वारा कार्य किया जा रहा है। इस निकाय में ट्रेक्टर, ऑटोटीपर इत्यादि सफाई उपकरणों से कार्य कराया जाता है।

**नगर पंचायत, मीरगंज :–** डोर–टू–डोर कचड़ा संग्रहण हेतु 16 वार्ड में निकाय द्वारा स्वयं कार्य किया जा रहा है। इस निकाय में ट्रेक्टर, टिपर इत्यादि सफाई उपकरणों से कार्य कराया जाता है।

**नगर पंचायत, बरौली :–** डोर–टू–डोर कचड़ा संग्रहण हेतु 14 वार्ड में एन0जी0ओ0 द्वारा कार्य किया जा रहा है। शेष 07 वार्ड में निकाय द्वारा स्वयं सफाई कार्य कराया जाता है। इस निकाय में ट्रेक्टर, ऑटोटीपर इत्यादि सफाई उपकरणों से कार्य कराया जाता है।

**नगर पंचायत, कटेया :–** डोर–टू–डोर कचड़ा संग्रहण हेतु 13 वार्ड में एन0जी0ओ0 द्वारा कार्य किया जा रहा है। इस निकाय में ट्रेक्टर, टिपर, बॉबकैट इत्यादि सफाई उपकरणों से कार्य कराया जाता है।

## सबके लिए आवास

**इस योजना के अंतर्गत सातों नगर निकायों की स्थिति निम्न प्रकार है :–**

**नगर परिषद्, सिवान :–** सबके लिए आवास योजनान्तर्गत द्वितीय चरण में 69 लाभुकों का चयन कर लिया गया है। सभी लाभूकों का अभिलेख खोला गया है तथा ऑनलाईन इंट्री की जा रही है। आवंटन दिनांक– 27.01.2017 को प्राप्त हुआ है।

**नगर परिषद्, गोपालगंज :–** सबके लिए आवास योजनान्तर्गत द्वितीय चरण में 500 लाभुकों का चयन कर लिया गया है। सभी लाभूकों का अभिलेख खोला गया है तथा ऑनलाईन इंट्री की जा रही है। आवंटन दिनांक– 27.01.2017 को प्राप्त हुआ है।

**नगर पंचायत महाराजगंज :–** सबके लिए आवास योजनान्तर्गत 808 लाभुकों का चयन कर लिया गया है, 437 लाभूकों को कार्यादेश निर्गत है, जिसमें से 252 लाभूकों को प्रथम किस्त की राशि 50,000/– (पचास हजार) रूपये दी गई है तथा 138 लाभूकों को द्वितीय किस्त के रूप में 1,00,000/– (एक ला) रूपये दी गई है। 04 लाभूकों तृतीय किस्त के रूप में 50,000/– (पचास हजार) रूपये दी गई है। कार्यपालक पदाधिकारी

द्वारा बताया गया कि शेष युनिट का कार्य 31 मार्च 2017 तक पूर्ण कर ली जाएगी।

<u>नगर पंचायत मैरवा :-</u> सबके लिए आवास योजनान्तर्गत 105 लाभुकों का चयन कर लिया गया है, 102 लाभूकों को कार्यादेश निर्गत है, जिसमें से 89 लाभूकों को प्रथम किस्त की राशि 50,000/- (पचास हजार) रूपये दी गई है तथा 29 लाभूकों को द्वितीय किस्त के रूप में 1,00,000/- (एक लाख) रूपये दी गई है। कार्यपालक पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि शेष युनिट का कार्य 31 मार्च 2017 तक पूर्ण कर ली जाएगी।

<u>नगर पंचायत मीरगंज :-</u> सबके लिए आवास योजनान्तर्गत द्वितीय चरण में 163 लाभुकों का चयन कर लिया गया है। सभी लाभूकों का अभिलेख खोला गया है तथा ऑनलाईन इंट्री की जा रही है। आवंटन दिनांक- 27.01.2017 को प्राप्त हुआ है।

<u>नगर पंचायत बरौली :-</u> सबके लिए आवास योजनान्तर्गत द्वितीय चरण में 230 लाभुकों का चयन कर लिया गया है। सभी लाभूकों का अभिलेख खोला गया है तथा ऑनलाईन इंट्री की जा रही है। आवंटन दिनांक- 27.01.2017 को प्राप्त हुआ है।

<u>नगर पंचायत कटेया :-</u> सबके लिए आवास योजनान्तर्गत द्वितीय चरण में 50 लाभुकों का चयन कर लिया गया है। सभी लाभूकों का अभिलेख खोला गया है तथा ऑनलाईन इंट्री की जा रही है। आवंटन दिनांक- 27.01.2017 को प्राप्त हुआ है।

**सभी नगर निकायों को निर्देशित किया गया कि अगले एक सप्ताह में संसूचित लक्ष्य का 75 प्रतिशत लाभूकों को कार्यादेश अवश्य निर्गत कर दिया जाय।**

## राजीव आवास योजना

**इस योजना के अंतर्गत सातों नगर निकायों में योजना स्वीकृत नहीं है।**

## आई0एच0एस0डी0पी0 योजना

इस योजना के अंतर्गत सातों नगर निकायों में योजना स्वीकृत नहीं है।

## नगर निकायों की मुख्य समस्याएँ

बेलट्रॉन के साईट E.Pro से ठीक से काम नहीं करने के कारण निविदा के निष्पादन में कठिनाई हो रही है। इस संबंध में बेलट्रॉन में आवश्यक सुधार करने का निर्देश दिया जा सकता है।

नगर परिषद् में कार्यरत कर्मियों के संबंध में जानकारी प्राप्त हुई की नगर परिषद्, सिवान, मैरवा एवं मीरगंज में एक कनीय अभियंता स्थाई रूप से कार्यरत है। शेष निकायों में अनुबंध पर कनीय अभियंता को रख कर कार्य कराया जा रहा है। इसी प्रकार नगर पंचायत मैरवा में नगर प्रबंधक कार्यरत है। अन्य निकायों में नगर प्रबंधक नहीं है।

नगर परिषद्, सिवान में प्रधान सहायक स्थाई रूप से है। शेष अन्य निकायों में नहीं है।

**सभी कार्यपालक पदाधिकारी को निर्देश दिया गया कि उपरोक्त वर्णित सभी योजनाओं में कार्य द्रुतगति से कराई जाए।**

30/11/17

अपर सचिव,

नगर विकास एवं आवास विभाग,

बिहार, पटना।